पत्रांक 15/एम 1–93/2017 – 1647

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

प्रेषक,

आर0के0 महाजन,
प्रधान सचिव।

सेवा में,

कुलपति,
राज्य के सभी विश्वविद्यालय।

पटना, दिनांक 05/9/ 2017

विषयः सभी विश्वविद्यालयों में कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रायः समाचार पत्रों में विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित विभिन्न परीक्षाओं में कदाचार किए जाने की सूचना प्रकाशित होती है। राज्य सरकार राज्य में कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन हेतु कृत संकल्पित है।

अतः आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालयों में कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन हेतु ठोस कदम उठाए जाएँ। भविष्य में अगर किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षा में नकल के मामले प्रकाश में आते हैं तो परीक्षा में कदाचार में संलिप्त प्रधानाचार्य/शिक्षकों/कर्मियों के विरूद्ध अविलम्ब प्राथमिकी दर्ज की जाए तथा उनके विरूद्ध नियमानुकूल अनुशासनिक कार्रवाई भी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिस संम्बद्ध महाविद्यालय में कदाचार की सूचना प्राप्त होती है, उन महाविद्यालयों का संबंधन अविलम्ब रद्द करने की कार्रवाई की जाए। कृपया सरकार के उपरोक्त निर्णय की जानकारी अपने स्तर से आपके अधीनस्थ सभी महाविद्यालयों को दी जाए।

इसे अत्यावश्यक समझे।

विश्वासभाजन

5/9/17

(आर0के0 महाजन)
प्रधान सचिव